Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Singh Shri Prabhunath

an>

Title : Need to expedite the work relating to various Railway Projects at Chhapra, Kaptanganj and Maharajganj in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) महोदय, देश में विभिन्न रेल परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं, जिसमें बिहार प्रांत अंतर्गत छपरा से कप्तानगंज वाया सिवान थावे छोटी लाइन से बडी लाइन में परिण्त करना, एवं महराजगंज से मशरक, नयी रेल लाइन, प्र ामुख है। छपरा से कप्तानगंज परियोजना छोटी रेल लाइन से बडी लाइन बिछाने की है, जिसका काम शिथिल पडा हुआ है। पिछली सरकार ने दुरौंदा से मशरक तक की परियोजना स्वीकृत की थी, जिसमें दुरौंदा से महराजगंज के बीच रेल का परिचालन भी शुरू हो गया है, जबकि महराजगंज से मशरक रेल लाइन के लिए अभी तक जमीन का अधिग्रहण का काम अत्यंत ही धीमी गति से चल रहा है।

उपरोक्त दोनों परियोजनाओं के पूरा हो जाने से जहां इसके आसपास के हजारों गांव की आम जनता लाभान्वित होगी वहीं इस क्षेत्र के पड़ने वाले व्यवसायिक केन्द्रों के बीच व्यवसायिक गतिविधियां काफी बढ़ जायेगी जिसके कारण आम जनता के साथ साथ व्यवसायियों तथा सरकार को भी काफी राजस्व का लाभ होगा।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि छपरा से कप्तानगंज वाया सिवान थावे रेल लाइन तथा महराजगंज से मशरक स्वीकृत रेल परियोजना का कार्य शीघ्र कराया जाये।